- HERGÉ -

★



टिनटिन के साहसिक कारनामे

उड़ान 714 सिडनी की ओर



उड़ान 714 सिडनी की ओर






















यहाँ देखो! केमाजोरान!... अब बताओ, ये जकार्ता ही है कि नहीं?
KEMAJORAN (DJAKARTA) INTERNATIONAL AIRPORT
!


वही पुरानी बीमारी, क्यों? "बेचारा सूर्यमुखी, उसे कुछ भी सुनाई नहीं देता... उसके दिमाग़ में हमेशा ख्याली पुलाव पकते रहते हैं... हमेशा रस्सी का ग़लत सिरा पकड़ लेता है।" बोलते जाते हो, बोलते जाते हो, बोलते जाते हो!


किसी दिन ये मुझे पाग़लखाने पहुँचा कर ही छोड़ेगा... ओह, छोड़ो भी। चलकर व्हिसकी पीते हैं... व्हिस्की? मैं व्हिस्की पिऊँ जब बेचारे कुछ ग़रीब लोग चाय का एक कप भी ख़रीद नहीं सकते... जैसे वो फटेहाल आदमी...


ज़रा उसे देखो, जेब में एक फूटी कौड़ी नहीं... ये कहाँ से आया है? भरपेट खाना खाए हुए इसे कितने दिन हो गए?


पूरी दुनिया में अकेला... इसकी फ़िकर करने वाला कोई नहीं... एकदम गया-गुज़रा, जीवन से निराश... गर्म प्रदेशों में भी इसे जुकाम हो जाता है।
आ आ आ आ हऽऽ


!
छ्छूऽऽऽ


बेचारा बुर्जुगवार, ये रही आपकी टोपी।
आ आह... आ आ आ ध...धाऽऽऽ... धन्यवाऽऽद!


आहा, आज के दिन का मेरा भलाई का काम! किसी ने मुझे पाँच डॉलर का नोट उसकी टोपी में डालते नहीं देखा।


1
ये क्या?... क्या मैं सपना देख रहा हूँ? ये नहीं हो सकता... पाँच डॉलर का एक नोट!
2
भगवान का लाख-लाख शुक्र है! आखिरकार मैं भोजन ख़रीद सकता हूँ!
3
चपर चपर चपर
4
धन्यवाद, धन्यवाद, और...अप्प...जीते रहो!



कितनी उदारता... इंसान के रूप में देवता... ये अजनबी दानवीर!
उसने पक्का अफ़ग़ानिस्तान ही कहा था !
मगर...


ये तो बहुत स्वाभाविक था, निश्चित तौर से। मेरी जगह कोई भी होता तो यही करता...


करोड़ों करोड़...


स्कुट!
?


स्कुट!!... हमारा पुराना दोस्त स्कुट और यहाँ... कितना सुखद आश्चर्य!
कप्तान हैडॉक!... टिनटिन! मैं भी तुम्हें फिर मिलकर खुश!


और ये प्रोफ़ेसर सूर्यमुखी हैं। तुमने इनके बारे में सुना ही होगा!
हाँ, हाँ। मैं आपको मिलकर गर्व प्रोफ़ेसर।
नहीं, सूर्यमुखी।


स्कुट, पुराने पापी! हमने तुम्हें गुलामों के सौदागर कांड के बाद नहीं देखा। तुम यहाँ क्या कर रहे हो?
मैं निजी हवाई-जहाज़ चलाता। तुमको प्रसिद्ध अरबपति लालचो कैरीदास मालूम?... ठीक, वो मेरा मालिक।


लालचो कैरीदास? हवाई-जहाज़ निर्माता? "अरबपति जो कभी नहीं हँसता"?
वही। कैरीदास विमान, कैरीदास कपड़ा, कैरीदास तेल... दुकानें, अख़बार, सानी-कोला... सब उसका। हम सिडनी में अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष-यात्रा सम्मेलन को उड़ान करता।


अरे वाह...! हम भी वहीं जा रहे हैं। हमें इस सम्मेलन में आमंत्रित किया गया है... सम्मानित अतिथि के रूप में... चंद्रमा पर पहले मानव...
शाबाश! मुझको लगा तुम किसी नए अभियान पर जाता...


नहीं, तड़तड़ाते तूफ़ान! अब और अभियान नहीं... एकदम नहीं! हम एक साधारण यात्रा का आनंद ले रहे हैं। कोई गड़बड़ नहीं, कोई परेशानी नहीं, कोई चीख-पुकार नहीं...


भौंऽऽऽआह


कमबख़्त आवारा कुत्ता, नीचे दुबका हुआ था! मेरी गरदन ही तोड़ डाली थी इसने!... तुम्हारे लिए टेलेक्स, कप्तान, उड़ान का नक्शा ये रहा।
गंवार!


शुक्रिया। मैं मिलवाता पाओलो कोलंबानी, मेरा सह-चालक... मेरे दोस्त, कप्तान हैडॉक, प्रोफ़ेसर सूर्यमुखी, टिनटिन।
खुशी हुई!
सलाम!


कोई परेशानी, कोलंबानी?
नहीं, कप्तान, हवा का दबाव संतुलित है, दक्षिण-पूर्वी दिशा से हलकी हवा चल रही है, बादल निचाई पर है... सब ठीक है... बाद में मिलता हूँ।


ये नया उपचालक है। पुराना उपचालक रास्ते में बीमार पड़ गया, तेहरान में... अचानक अस्पताल ले जाना पड़ा... कोलंबानी उसकी जगह।
बहुत ही खड़ूस है!
जंगली!



ओह, मेरे मालिक आ रहे हैं। मि. कैरीदास चाँद पर उतरने वाले पहले मानवों से मिलकर खुश होंगे।
"अरबपति जो कभी हँसता नहीं"...ये?


फिर भी ये दयालु है; उसने उस बेचारे प्रवासी को अपनी शरण में ले लिया है। उसका भला हुआ!


मि. कैरीदास, मैं कृपया अपने दोस्तों का परिचय आपसे करवाता, कप्तान हैडॉक, प्रोफ़ेसर सूर्यमुखी, टिनटिन। ये रॉकेट में बैठकर चाँद पर जाने वाले पहले मानव हैं। आपको याद है?...
मैं...


आप कैसे हैं, मि. कैरीदास?
?
?!


अर्र... नहीं... माफ़ी... ये मि. स्पैलडिंग, मि. कैरीदास के सचिव... ये हैं मि. कैरीदास।
ये नहीं हो सकता!


मैं कभी हाथ नहीं मिलाता, इससे कीटाणु फैलते हैं... मुझे किसी अभियान की धुँधली सी याद है तो, लेकिन इससे ज़्यादा पता नहीं... मगर इतना याद है कि शेयर बाज़ार पर इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ा था।
अरे?...


?
वहाँ पर कुछ अटका हुआ लगा... मुझे करने दीजिए...
गिली गिली छू!


मेरी टोपी!... तुम तो बागी... नहीं मेरा मतलब बाजूगर... जादीगर...
बादूगर...
जा...जा... जाऽऽऽ आ... आह...


हा हा हा


हा हा हा... जादूगर, बाज़ीगर!


ही ही ओ हो हो हा हा हा हा


मैं... हा! हा!... मैं... ये तो कमाल है... कमाल... हा! हा! हा! बहुत कमाल की बात है।


स्पैलडिंग!
जी, मि. कैरीदास।
तुमने देखा, स्पैलडिंग?
जी हाँ, मि. कैरीदास।
कई वर्षों से ऐसा नहीं हुआ।
जैसा आप कहें, मि. कैरीदास।


ये एक ख़ास अवसर है।
जी, मि. कैरीदास।
जाम, स्पैलडिंग!
जी। अभी लाया, मि. कैरीदास।


कोई आपत्ति, स्पैल्डिंग?
नहीं, मि. कैरीदास, मैं सोच रहा था कि...
मैं तुम्हें सोचने के लिए तनख्वाह नहीं देता, स्पैल्डिंग।
जी, मि. कैरीदास।


आप बहुत कृपा कर रहे हैं, मि. कैरीदास, लेकिन हम सच में ऐसा नहीं कर...
बकवास!... ये जाम तुम्हारी सेहत के नाम!
धीरज रखो, स्पैल्डिंग, तुम्हारा भी समय आएगा।


डौंग
क्वाँटास विमानसेवा की उड़ान संख्या 714 सिडनी जाने के लिए तैयार है। सभी यात्रियों से निवेदन है कि कृपया गेट नंबर तीन की ओर प्रस्थान करें...
पहले मुझे चीफ़ को चेतावनी दे देनी चाहिए!


नहीं, नहीं, असली युद्ध नहीं, खेल... 'पोत–युद्ध' खेल... तुम जानते हो?
ओह, वो खेल... हाँ, मैंने खेला हुआ है।


स्पैल्डिंग!
जी, मि. कैरीदास।
ध्यान दो।



ये सज्जन हमारे साथ यात्रा करेंगे। इनकी हवाई टिकटें रद्द करवा दो और इनका सामान मेरे हवाई जहाज़ में तुरंत पहुँचा दिया जाए।
लेकिन मि. कैरीदास...
मगर...
मगर हम...
चाय?


वही सामान्य पेय मंगाना, क्यों स्पैल्डिंग? हमें फिजूलख़र्ची नहीं करनी चाहिए, क्यों?
नहीं, मि. कैरीदास।

एक अनूठा दिन सज्जनों! मैं कई वर्षों से नहीं हँसा! हमें इसे उचित ढंग से मनाना चाहिए... कृपया मुझे आपको कुछ सेनी–कोला पेश करने दीजिए। सेहतमंद, ताज़गी से भरपूर, क्लोरोफ़िल से परिपूर्ण!... आप पसंद करेंगे?
मुझे बहुत पसंद है!

तो तुम सिडनी में सम्मेलन के लिए जा रहे हो। पर पहले तुम मेरे साथ कुछ जलपान करोगे!
जापान चलोगे? नहीं, नहीं। हम तो सिडनी में सम्मेलन में जा रहे हैं।

हा! हा! हा! इसका तो जवाब ही नहीं। बहुत ही हँसोड़ है।

सिडनी... सिडनी?... अरे, अगर...

कप्तान मुझे बताना तो, समुद्री जहाज़ का कप्तान होने के नाते, मुझे विश्वास है कि तुम्हें ये खेल पसंद होगा पो... पोऽ... पोऽऽऽ...
पोषम पा?

पोऽऽऽ...

...त युद्ध... पोत–युद्ध... तुम तो इसके विशेषज्ञ होंगे?

मैं... अर्र... मेरा मतलब, मैं तो व्यापारिक सेवा में था। मुझे नौसैनिक युद्धों के बारे में ज़्यादा नहीं पता। मेरे एक पुरखे उस तरह की चीज़ों में थे...


किन मि. कैरीदास... हमारा सामान...
मारी आरक्षित टिकटें...
की चिंता मत
। स्पैल्डिंग सब
ज़ाम कर देगा।
मगर नटखट भी तो है...
वो बहुत ही उद्दंड
है, और...



नटखट...
उद्दंड...
बाल की खाल!


नटखट


वो ग़ायब हो गया! अपने फ़ीते से छूट गया! देखो, उसने इसे चबा-चबा कर काट दिया और कहीं फ़रार हो गया। मुझे उसके पीछे जाना ही पड़ेगा!


ब वो धींगामुश्त
हाँ होगा?


इसी बीच...
हैलो, वॉल्टर?...स्पैल्डिंग बोल रहा हूँ... जल्दी सुनो... तुम चीफ़ से संपर्क करोः बूढ़े छींकदास ने तीन लोगों को हमारे साथ यात्रा करने का निमंत्रण दिया है... चालक के मित्र... अचानक मिल गए। तो इसलिए सब काम बंद... समझे?


बहुत देर हो गई, स्पैल्डिंग, सारी तैयारियाँ हो चुकी हैं। वैसे भी तुम्हें क्या लगता है कि चीफ़ तीन फ़ालतू सवारियों के लिए अपनी योजना बदल देगा?... तुम्हें जो आदेश दिए गए हैं वैसा ही करो।


लेकिन वॉल्टर, तीन फ़ालतू यात्रियों के साथ होने से सारा काम बिगड़ सकता है, और अगर...


मैंने आपको देखा नहीं... मैं अर्र. टेलीफ़ोन कर रहा था... अपने एक के भतीजे को जो... उह जकार्ता रहता है... अब मैं आपका सामान और आरक्षण रद्द करवाने के में देखूँ...
इस रुकावट के लिए मुझे खेद है...


कोई बात नहीं। आपकी सेवा करने में मुझे खुशी होगी।
बाद में मिलते हैं।


डौंग
क्वाँटास हवाई सेवा की उड़ान संख्या 714 के यात्रियों से आखिरी निवेदन। कृपया सभी यात्री गेट नंबर तीन की ओर तुरंत प्रस्थान करें।
वो मेरी जासूसी कर रहा था!
दूर का भतीजा, सच में? झूठी कहानी गढ़ रहा था!


क्या तुम आ रहे हो, कप्तान?
हाँ... अभी आया।


स्पैल्डिंग ठीक ही कह रहा था। छींकदास ने तीन यात्री जुटा लिए हैं... ये उनकी बदक़िस्मती है!... लेकिन... लेकिन...


मैं सपना तो नहीं देख रहा!... ये तो टिनटिन है!!


शायद मेरा अभ्यास थोड़ा छूट गया है। अगर फिर से करना शुरु करूँ तो जल्दी ही सब पहले जैसा हो जाएगा।
हा! हा! हा! ये तो बहुत ही बड़ा नमूना है!
क्या तुम बंदर की तरह अपनी हरकतों से कभी बाज नहीं आओगे?

माफ़ करना...?
अर्र... मैं...उह...मैं कह रहा था कि तुम्हें... अपने को ज़्यादा थकाना नहीं चाहिए।

सब इंतज़ाम हो गया, मि. कैरीदास। हम अब चल सकते हैं।
इतनी देर लगा दी, स्पैल्डिंग!
?


अपने लातों और मुक्कों का
साथ–साथ इस्तेमाल... मैं सर्वश्रेष्ठ
था... कोई मुझे हरा नहीं सकता था...
ज़रा ये नमूना देखो...


हुप्प !





धड़ाम





और तुम, प्रोफ़ेसर! तुम भी पोत–युद्ध आनन्द से खेलते हो?
दंड पेलते हो? अब तो नहीं... लेकिन जवानी के दिनों में मैं बहुत कसरती पहलवान हुआ करता था और सारे खेलों में माहिर था। वैसे मुझे देखकर तुम्हें ऐसा नहीं लगेगा...



...लेकिन टेनिस, तैराकी, फुटबाल, तलवारबाज़ी, स्केटिंग... जवानी के दिनों में मैं सब किया करता था। और अखाड़ा मत भूल जाना, कुश्ती, मुक्केबाजी और सेवाटे भी...
सेवाटे?...


नहीं, नहीं, सेवाटे! फ्रांसीसी मुक्केबाजी... उसकी बात ही कुछ और थी... आजकल के जूडो और कराटे पर तो मुझे हँसी आती है। सेवाटे! वो थी असली लड़ाई!...


ये मेरा नया विमान है, कैरीदास 160। तीन जैट वाला व्यवसायिक जहाज़, चार का कर्मीदल और छह यात्रियों की क्षमता। 40000 फीट की उँचाई पर इसकी संतुलित गति मैक–2, या करीब 1250 मील प्रति घंटा है। रोल्स–रॉयस–टरबोमेका जैट इंजन 18500 पाउंड की ताक़त प्रदान करते हैं...
ये बेजोड़ है!
भौंSSSह
G CATF


सबसे आधुनिक प्रणालियाँ इसकी बनावट और इसके पंखों की...


ओह, ये रहा जिनो, मेरा परिचारक... इटली निवासी। क्या ला रहा...
CARREIDAS 160 JET


हैलो... हाँ... बिलकुल, मशहूर चित्रों की बिक्री... तो?... तीन पिकासो, दो ब्राके और एक रेनोर...कूड़ा!... वैसे भी, मेरे पास एक इंच भी जगह नहीं उन्हें लटकाने को।


क्या कहा?... ओनॅासिस उनके पीछे है?... तो ख़रीदो!... सारी ख़रीद लो!... क्या?... मुझे परवाह नहीं कितने की, ख़रीदो!


तुम उपचालक कोलंबानी से मिले थे... ये नए रेडियो चालक हैं, हाँस बोहम।
अरे, अरे...
हैलो!
कप्तान!


फिर से नए कर्मी?
सि... हमें इस यात्रो में कोई सौभाग्यो नहीं होना... दूसरो रेडियो चालक सिंगापुर हवाई अड्डा पर दुर्घटना होतो... तेल का टैंकर से...



लेकिन सिगनोर स्पैल्डिंग जल्दो–जल्दो नया रेडियो चालक ढूँढो... सिगनोर स्पैल्डिंग बहुतो बुद्धिमानो... सिगनोर स्पैल्डिंग...


धड़ाम...
?
?


केमाजोरान कंट्रोल टावर गोल्फ़ टैंगो फॉक्स से, रनवे की ओर प्रस्थान करें। आप उड़ान भर सकते हैं।

XB42 के लिए...पंछी अपने पिंजरे की ओर उड़ चुका है...


मैं क़सम खाकर कह सकता हूँ कि उसने उसे आँख मारी... मगर क्यों?... दाल में ज़रूर कुछ काला है...


तो अब, कप्तान, क्यों न पोत–युद्ध की एक छोटी सी पारी हो जाए।
अच्छा!


आपकी दवाइयो, सिगनोर, और... सब तैयारियो है।
बढ़िया।


आ आ
आ
आ
च्छूऽऽऽ


शेयर बाजार की क़सम! ये तीसरी बार है आज, जब मैं हँसा हूँ। क्या बात है? अगर मैं ऐसे ही हँसता रहा तो मुझे अपने डॉक्टर को दिखाना पड़ेगा।


अब कृपया आराम से बैठ जाओ और अपनी–अपनी कुर्सी की पेटियाँ बाँध लो, उड़ने के लिए।


मैं अपनी उसी जगह पर बैठूँगा, जिनो, अपनी मेज़ पर...
ठीक है, सिगनोर कमांडेटोरे।

मेरा पैर उलझ गया इस कमबख्त.. अह... इस टेलीफ़ोन की तार में।

तुम बेहूदे हो, स्पैल्डिंग... बेहूदे।

मगर मैं... जी, जी मि. कैरीदास।

भद्दे हो, स्पैल्डिंग।

तुम लंगूर हो, स्पैल्डिंग...वही हो तुम, एक लंगूर!... हा! हा! हा!... हो! हो! हो!... हा!... हा...




C4-D4-E4? अच्छी शुरुआत की है, कप्तान। तुमने एक पनडुब्बी डुबो दी, लेकिन बाकी दो प्रहार पानी में गए।
आ हा!


अब मज़ा आएगा!... बस पाइप और सुलग जाए तो। ओह, मुझे उम्मीद है कि धुँआ आपको परेशान नहीं करता होगा?


धूम्रपान सख़्ती से मना है, कप्तान। तंबाकू की खुशबू भर मुझे विचलित कर देती है।
!


तुम्हारी क़िस्मत बुरी है, कप्तान! तीनों निशाने पानी में गए... मैं सोचता हूँ कि मैं A8-B8-C-8 पर कोशिश करूँ।
काले कसमसाते कछुए!


एक युद्धपोत डूब गया, तीनों सीधा निशाने पर लगे!... तुम तो ज्योतिषी हो!... ख़ैर C6-D6-E6 के बारे में तुम्हारा क्या कहना है, हैं?


सब चूक गए, मुझे खेद है... कैसा दुर्भाग्य!... मेरे पास कोई दिव्य दृष्टि तो है नहीं, सिर्फ़ कुदरती हुनर, बस यही। अब मुझे ध्यान से खेलना चाहिए...


अब मेरी बारी। ज़रा देखूँ... A4-B4... और...उह...C2।


बढ़िया निशाना लगाया मि. कैरीदास!... एक विध्वंसक पोत डूब गया दो गोले लगने से और एक विध्वंसक पर मार लगी।


अब मैं निशाना लगाता हूँ। मुझे इस हमले का ज़ोरदार जवाब देना चाहिए!... C5-D5-E5 पर कोशिश करूँ।


कोई भी यही सोचेगा कि ये मेरा नक्शा देख सकता है... और तो और, ये मुझे पाइप भी पीने नहीं दे रहा!

अरे, अजीब बात है... हे भगवान...मैं सपना देख रहा हूँ क्या?...

मेरा तीसरा हमला: G1-G2-G3
!

पंख देखो!


E1-E2-E3
वे उठ खड़ा हुआ... किसलिए?
तीनों पानी में बेकार गए!


मैं जरा चालक के केबिन में जाकर देखता हूँ, मि. कैरीदास... कि सब ठीक–ठाक है या नहीं।
तुम मुझे बार–बार क्यों परेशान कर रहे हो, स्पैल्डिंग? क्या तुम्हें दिखता नहीं कि मैं व्यस्त हूँ?


अब हमला करने की मेरी बारी है, कप्तान।
ये चालक कक्ष में क्यों जा रहा है...



तड़तड़ाते तूफ़ान में झनझनाते झींगे! तीनों निशाने सीधे मेरे युद्ध पोत पर! तुम तो बहुत ही भाग्यशाली हो!


सिर्फ़ थोड़ा सा कुशल होने की बात है, कप्तान। कुशलता और बुद्धि... तुम्हारी बारी।
ये स्पैल्डिंग क्यों इतना उत्तेजित हो रहा है?


बार–बार अपनी घड़ी भी देख रहा है... बहुत अजीब!...


विमान को कोई ख़तरा नहीं, कप्तान। ये तो सिर्फ़ पंख–झुलाना प्रक्रिया हुई थी।


बहुत अच्छे! "सिर्फ़ पंख झुलाना"। इसका क्या मतलब हुआ?


देखो, जहाज़ के पंख उसके बीचोंबीच जुड़े होते हैं। चालक को उन्हें आगे करना पड़ता है। उड़ान भरने या उतरने के समय उठान में अधिकतम ज़ोर प्रदान करने के लिए। जैसे ही वो ध्वनि बाधा पार करता है तो उसे पंख बीच की स्थिति में करने पड़ते हैं। फिर ध्वनि से तेज़ गति की उड़ान में वो पंखों को एकदम पीछे झुला देता है और यही इस समय हो रहा था...
G-CATF


लेकिन चलो हम वापिस अपने खेल पर आते हैं। अब तुम अपने बेड़े की बगल पर मेरे इस हमले को संभालो, कप्तान। G1-G2-G3


पंख? क्या हुआ पंख को?
क्या हुआ पंख को?... कुछ नहीं, सिवा इसके कि उसमें ढील है!
चील है?... सच में?... कहाँ?


उसमें ढील है! हा! हा! हा! हा! ओह! हो! हो! आ हा हाऽऽऽ!


मैं माफ़ी चाहता हूँ लेकिन मुझे नहीं समझ आ रहा कि अगर कोई विमान बीच हवा में अपने पंख ढीले कर दे तो उसमें हँसने की क्या बात है?
खेद है! मैं चील को नहीं देख पाया... लेकिन ये आधुनिक विमान उड़ते भी तो इतनी तेजी से हैं।


मि. कैरीदास ने मुझे भेजा है, वो जानना चाहते हैं कि हमारी स्थिति क्या है?


हमने अभी–अभी लोम्बोक द्वीप के माताराम रेडियो खंबे को पार किया है। अब हम सुम्बाला, फ्लोर्स और तिमोर की ओर बढ़ रहे हैं।
अच्छा!



और हाँ, कप्तान, मि. कैरीदास आपसे कुछ बात करना चाहते हैं।
मुझसे?... तो मैं तुरंत आता हूँ।


एक और युद्ध–पोत डूब गया! तीन बार मार लगी!... अब मैं कोशिश करूँ... उह... F-1,F-2,F-3


एक विध्वंसक पर लगा, दो खाली गए... तुम? क्या बात है?


आपने मुझे बुलाया, मि. कैरीदास?
मैंने?... नहीं?...क्यों?
G-CATF


कोलंबानी तुम नियंत्रण संभालो।
ठीक है।


तुम चलो। मैं आता हूँ।


G6-
H6-I6
बुढ्ढा फिर बेईमानी कर रहा है।
तड़तड़ाते तूफ़ान! अभी भी पक्का निशाना! ये तो अविश्वसनीय है!



लेकिन मि. स्पैल्डिंग ने अभी आकर मुझसे कहा कि...
स्पैल्डिंग? वो मंदबुद्धि बंदर...


इन्होंने तो नहीं बुलाया, मि. स्पैल्डिंग, तो फिर आप क्यों...
?
?
!



हाथ ऊपर! चलो, तुम सब!
स्पैल्डिंग!?!


इस घटिया मज़ाक का क्या मतलब है, स्पैल्डिंग?


इसका मतलब है, बूढ़े बंदर, कि पासा पलट गया है और अब तुम्हें मेरा हुक्म मानना पड़ेगा... तुमने सुना? अपने हाथ ऊपर करो!... अब, विमान के पीछे की तरफ़ चलो... सब लोग!
स्पैल्डिंग, मैं तुझे...


सब लोग?... एक मिनट ठहरो... इनमें से कोई कम तो नहीं है?


ये लो, नौजवान क्या-है-तुम्हारा-नाम...टिनटिन। तुमने अच्छा किया! उसकी पिस्तौल छीन लो!
?


!!!!


एक दिलेर कोशिश, मेरे चालाक दोस्त। लेकिन काम नहीं आई! अब जाकर दूसरों के साथ खड़े हो जाओ और कोई होशियारी मत दिखाना। मैं तुम पर नज़र रखे हुए हूँ!



शाबाश, स्पैल्डिंग!
ओह, ये तुम हो, हाँस। इन्हें बंद करने में मेरी मदद करो।


स्पैल्डिंग! ये... मैं... तुम... तुम्हें नौकरी से निका-का-का-आ-...
क्या किसी धारावाहिक की शूटिंग चल रही है?
मामा मिया!



आच्छ्SSSS



निकालता हूँ, स्पैल्डिंग!


स्पैल्डिंग, मैंने तुम्हें नौकरी से निकाल दिया, सुना तुमने? तुमने मेरी पीठ में छुरा घोंपा है, मेरे भरोसे का ख़ून किया है!...


और तुम तो बिलकुल दूध के धुले हो, क्यों, छींकदास? तुम घटिया धोखेबाज़, तुम तो पोत-युद्ध का खेल जीतने के लिए भी छुपे कैमरे का इस्तेमाल करते हो!
श्श, स्पैल्डिंग! मैं तुम्हें मना कर रहा हूँ!... चुप रहो!


चलो अब, सब लोग रसोई घर में चलो! एक क़दम भी ग़लत रखा... तो... समझ गए?... चलो!
स्पैल्डिंग, तुम्हारी छुट्टी, बिना पगार के!


ये सब लोग तो बंद हो गए। अब दूसरा चरण...



कुरंग अद्जार! अपा टिडाह बिस्सा जागा साजापोन्जा लाजार! अपा गिलाह!


मकासार टॉवर गोल्फ टाँगो फॉक्स के लिए! क्या हो गया? क्या तुम मेरी आवाज़ सुन रहे हो? हमारे रेडॉर से तुम्हारा संपर्क टूट गया है... कृपया अपनी स्थिति की जानकारी दें। ओवर।

मकासार टॉवर गोल्फ़ टाँगो फॉक्स के लिए! मैं फिर दोहराता हूँ: हमारा रेडार संपर्क टूट गया है। अपनी स्थिति बताओ। गोल्फ़ टाँगो फॉक्स, क्या तुम तक मेरी आवाज़ पहुँच रही है? कृपया जवाब दो। ओवर?
आहा! तरक़ीब काम कर गई!

मामा मिया!
ड्रामा किया?
क्या आनन्दपूर्ण यात्रा है! हा! हा! अच्छा मज़ाक!
स्पैल्डिंग!
हम रास्ता बदलते।

स्पैल्डिंग, ये बग़ावत है! तुम्हें इसके लिए पछताना पड़ेगा, स्पैल्डिंग, मुझे जवाब दो, स्पैल्डिंग!

आप क्या समझते हैं, इस सब के पीछे कौन हो सकता है, मि. कैरीदास?
एक विदेशी ताक़त, बेशक़, या कोई प्रतिद्वन्द्वी कम्पनी, जो मेरा ये शानदार जहाज़ चुराना चाहती है।

या शायद यह एक सीधा अपहरण का मामला हो... फ़िरौती की एक बड़ी रक़म हथियाने के लिए।
उन्हें एक फूटी कौड़ी भी नहीं मिलेगी! एक पाई भी नहीं! कभी नहीं!

मकासार टॉवर डारविन टॉवर के लिए। कैरीदास 160 गोल्फ़ टाँगो फॉक्स से हमारा संपर्क टूट गया है जिसका गंतव्य सिडनी था। आखिरी बार रेडियो संपर्क सुम्बावा के ऊपर से गुज़रते हुए हुआ। क्या आप इस जहाज़ के संपर्क में हैं, कृपया सूचित करे।


वे जल्दी ही जहाज़ के ग़ायब होने की ख़बर फैला देंगे और... अह, वो रही हमारी रेडियो बत्ती!
हम सही–सलामत घर पहुँच गए!

सही–सलामत?... अभी से अपने चूज़े मत गिनो, इंगलीस!... असली ख़तरा तो अब शुरू हुआ है!
क्यों?...क्या मतलब है तुम्हारा!


स्पैल्डिंग, दरवाज़ा खोलो!... नहीं तो मैं... उह...मैं... स्पैल्डिंग...
धोखेबाज!
कुछ ही पल में मैं उसे संभाल लेता, लेकिन तुमने देखा कैसे...
मामा मिया!
स्पैल्डिंग दोगला बदमाश है!
क्या आप मुझसे बात कर रहे हैं?


अब मकासार के कंट्रोल टॉवर से संपर्क करो। कोई भी कहानी गढ़कर उन्हें चुप रखो।


स्पैल्डिंग!... स्पै...ल्डि...इंग! मैं ऐसा नहीं कहना चाहता था!... अब, चलो, अच्छे बच्चे बनो, स्पैल्डिंग, खोलो!


मकासार टॉवर? यह गोल्फ़ टाँगो फॉक्स है। हम सुमात्रा के ऊपर से गुज़र रहे हैं। सब सामान्य है। हम डारविन कंट्रोल सीमा में पहुँचने से पहले आपसे फिर संपर्क करेंगे। ओवर एण्ड आउट।


ठीक है। अब सीधा नीचे समुद्र की सतह तक।


नीचे जा रहे हैं?... हम कहाँ उतरेंगे?
तुम आगे बैठे उन अपहरणकर्ताओं से पूछो!



मेरे कान मलिका कैस्टॉफियोर की ज़ोरदार आवाज़ में बज रहे हैं!
सटक लो और कान ठीक।



क्या सटक लो?
सटक लो बस यही!


हम अभी भी नीचे उतरते। वो बहुत निचाई पर उड़ना चाहते, वो रेडॉर से बचते।
सटक लो?
मुझे भी ऐसा ही लगता है।


सटको?
गड़प



आहा, मेरे कान खुल गए। वो चली गई!


हम जल्दी ही खुले आसमान में आ जाएँगे...





मेरा मतलब?... सिर्फ़ इतना कि जिस हवाई पट्टी पर हम उतरने जा रहे हैं, वो इस आकार के जहाज़ की ज़रूरत की सिर्फ़ एक चौथाई भर है!... तो अंदाज़ा लगा लो, दस में से नौ हमारी बेवकूफ़ गर्दनें तुड़ा बैठने की ही संभावना है।



दस मिनट बाद...
ये रहा हमारा गंतव्यः पुलाओ–पुलाओ बोम्पा का द्वीप।



ठीक है। हम एक हज़ार फ़ीट की ऊँचाई पर फिर पहुँचते हैं, गति घटाते हैं, उतरने के लिए पंख फैलाते हैं, ईंधन ख़ाली करते हैं। और उतरने को तैयार!


वे फिर ऊपर उठ रहे हैं। मैं सोचता उतरने की तैयारी करते... हाँ, उधर द्वीप है... और हवाई पट्टी भी... लेकिन पागल तो नहीं ये लोग?... हवाई पट्टी बोहत छोटा!


वे लोग हमारे लिए तैयार हैं।
हाँ, मैंने देखा।



अह, पहिए नीचे कर लिए, वे उतर रहे हैं।



पंख के पल्ले नीचे, हाँस!
CARREIDAS



क्या तुम हमें झूला झुलाना बंद नहीं करोगे, चेचक के दागमुँहे, चुसी गुठली सी खोपड़ी वाले पायलट?
उन्होंने पल्ले नीचे कर दिए।


सब सामने की दीवार से पीठ लगा कर बैठो, हाथ सिर के पीछे रखकर!





अब, कोलंबानी बच्चे, बचेंगे या मरेंगे।







जल्दी, पैराशूट खोलूँ!


हप्प



भौं ऽ ऽ ऽ आ ह
मामा मिया!
हाथ सिर के पीछे, कप्तान!


चटाक


पैराशूट के चिथड़े हो गए!
इंजन उल्टा चलाओ!



भौंऊँ–ऊँ!
तड़तड़ाते तूफ़ान! कुछ लोग मज़े के लिए यात्रा करते हैं!



भौंऊँ–ऊँ–ऊ
ब्रेक !...ब्रेक लगाओ!
ब्रेक पूरे लगे हुए हैं!


धाँय


आगे का पहिया फट गया है!
मैं इसे संभाल नहीं पा रहा!


हम बहुत तेज जा रहे हैं! हम मारे जाएँगे!




देशी–उलूक कहीं के!
मामा मिया!
भौंऽऽआह
बच गए!


आहा! कैरीदास अभियान सफलतापूर्वक समाप्त हुआ!
बिलकुल!


क्या भयानक अनुभव था! मगर हम ज़िंदा हैं, यही सबसे बड़ी बात है!
हमें कैदियों को संभालना चाहिए अब।


इतना ऊबड़–खाबड़ विमान चालन मैंने कभी नहीं देखा। तुम नौकरी से निकाले जाते हो!
चुपचाप चलो, वरना मैं तुम्हारी जान निकाल दूँगा! कोई तुम्हारा इंतज़ार कर रहा है!



भौऊँ–ऊँ–भौऊँ–ऊँ
इस जानवर को चुप कराओ!
वो बुरी तरह डर गया है।
मामा मिया!
पजामा सिया?


नटखट, नटखट, शांत हो जाओ, नटखट!
भौंऽऽऽआह



नटखट!
भौंऽऽऽआह


नटखट! यहाँ आओ, नटखट! नटखट!
गोली चलाओ! चलो भी! इस आवारा कुत्ते को गोली मार दो। ये पागल हो गया है!
भौंऽऽऽआह



तड़ तड़ तड़ तड़
भौंऽऽऽऽऽआह
तड़ तड़ तड़


तड़ तड़ तड़
तड़ तड़ तड़

क़ातिलों! ज़ालिमों! शैतानों! मुझे छोड़ दो! मुझे जाने दो, मैं कहता हूँ!

अनाड़ी अंधों! तुम तो पाँच गज़ की दूरी पर एक हाथी को भी गोली नहीं मार पाओगे! उस कमबख़्त कुत्ते के पीछे जाओ और उसे उड़ा दो!
ये आवाज़!?

रास्तापोपोलोस!
खुद, प्यारे बच्चे!

मेरे इस द्वीप के स्वर्ग में तुम्हारा स्वागत है!

तुम्हारा अचम्भा देखकर मुझे बहुत मज़ा आ रहा है!... तुमने क्या सोचा कि पापा रास्तापोपोलोस को लाल सागर की शार्क मछलियाँ खा गईं, हैं? हा! हा! हा! हा!

और अब बाज़ी पलट गई! तुम मेरे इस छोटे से विषुवतीय बगीचे में फंसे हुए हो... और तुम यहाँ खुद चलकर आए हो!... तुम्हें अपने काम से काम रखना चाहिए था, प्यारे दोस्तों, और उड़ान संख्या 714 में ही रहना चाहिए था।
इस सिगार को बुझा दो! लालचो कैरीदास के सामने धूम्रपान करने की हिमाकत कोई नहीं कर सकता!

सिगार बुझा दूँ? क्यों नहीं। आपकी इच्छा मेरे लिए आदेश है, मि. कैरीदास!

हमें ये तो पता था कि तुम एक सूअर हो, रास्तापोपोलोस। अब हम जान गए हैं कि तुम एक बहुत घिनौने सूअर हो!
करारा जवाब!

ज़बानदराज़ पिल्ले! तुम मेरी खिलाफत करोगे? जब कि तुम यहाँ मेरी मुट्ठी में हो?... और मैंने तुम्हें दबोच रखा है, तुम बेवकूफ़ लड़के!

तुम और तुम्हारे साथी मेरे पंजे में हैं और मैं तुम्हें इस तरह कुचल दूँगा... जैसे...जैसे...


जैसे मैं किसी महत्वहीन मकोड़े को कुचलता हूँ!

डियाबोलो!






म ड ज र क



...मैं...अर्र... तुम...ख़ैर, ये टापू तुम्हारी कब्र बनेगा!



ये सब अभी ठीक–ठाक करना शुरू कर दो, ऐलन।
ठीक है, बॉस।



देखा तुमने?




दो घंटे के अंदर तुम और तुम्हारे हवाई जहाज़ का एक भी निशान नहीं बचेगा। और तुम्हारी दौलत मि. कैरीदास, तुम्हारी प्यारी–प्यारी दौलत मेरी हो जाएगी!
तुम पागल हो!




करोड़पति बने न रह पाना बहुत खिझाने वाली बात है... जब मैं कंगाल हो गया तो मैंने दोबारा दौलतमंद बनने की मेहनत से बचना चाहा। इसलिए मैंने ये फ़ैसला किया कि ज़्यादा आसान और जल्दी तुम्हारी दौलत ले लेना होगा!
तुम पागल हो!




नहीं, मुझे हर चीज़ की ख़बर है, बस इतना ही। उदाहरण के लिए मुझे पता है कि तुमने स्विस बैंक में एक खाता खोल रखा है–झूठे नाम से, तुम शुरू से ही धोखेबाज रहे हो–जिसमें एक बहुत बड़ी रकम जमा है...



मैं उस बैंक का नाम जानता हूँ, मुझे तुम्हारा वो झूठा नाम भी पता है जिसमें तुम्हारा खाता है; मेरे पास तुम्हारे इस्तेमाल किए नकली हस्ताक्षर के कई बढ़िया नमूने हैं... असल में, सिर्फ़ एक ही चीज़ है जो मैं नहीं जानता– तुम्हारे खाते का नंबर, और वो तुम मुझे बताओगे!
कभी नहीं!



"कभी नहीं" कभी नहीं बोलना चाहिए, मेरे प्यारे कैरीदास... क्या तुम मुझसे सहमत नहीं, डॉ. क्रौलस्पैल?
हे! हे!




तुम मुझे यातनाएँ दे सकते हो! मेरे नाखून उखाड़ दो, धीमी आँच पर मुझे भून दो... चाहे मेरे तलवों में गुदगुदी करो... मैं ज़बान नहीं खोलूँगा!



तड़ तड़ तड़ तड तड़ तड़ तड़ तड
नटखट!
आह, कुत्ते से छुटकारा पा रहे हैं, मुझे लगता है।




कायर, ज़ालिम!
अपनी ज़बान को लगाम लगाओ! मैं अपने दोस्त कैरीदास से बात कर रहा हूँ, तुमसे नहीं!



यातना देने की बात कौन कर रहा है, मेरे प्यारे लालचो? तुम हमें क्या समझ रहे हो?... जंगली?... शर्म करो! कैसी बेहूदा बात कर रहे हो!... हम तुम्हारा बाल भी बांका नहीं करेंगे । डॉ0 क्रौलस्पेल ने हाल ही में एक सच उगलवाने की दवाई ईज़ाद की है। ये तुम जैसे अक्खड़ लोगों के लिए ही है जो अपने छुपे हुए राज़ बताते नहीं हैं।



सच उगलवाने की दवा?... डकैत!...चोर!...दरिंदे!... ज़ा... आ...आऽऽ...




आऽऽऽ
च्छूऽऽऽ



पकड़ो! मेरी टोपी!...
हुप्प!



इसे अपने साथ ले जाओ, डॉ0 क्रौलस्पैल। अपना छोटा काला बैग तैयार करो। मैं एक मिनट में तुम्हारे पास आता हूँ।




मेरी टोपी!... मेरी टोपी!...
चलो भी!



इस बेचारे आदमी को उसकी टोपी दे दो, तुम समुद्री खीरे की औलाद! उसका सिर धूप में भन्ना सकता है!
मेरी टोपी!...



सिर में धूप, हैं? लेकिन तुम्हारा क्या होगा? तुमने भी तो टोपी नहीं पहन रखी...
तुम मेरी चिन्ता मत करो।





लेकिन मुझे तुम्हारी चिंता है। मैं चाहता हूँ कि तुम ढके रहो!
?!




तड़तड़ाते तूफ़ानों में...
हा! हा!
हा! हा!




भिखारी के भूत!...आंत्रशोथ!... दो मुँहे साँप!
बहुत मज़ाक कर लिया! इन्हें इनके पिंजरे में बंद कर दो।
ठीक है!



चलो भी, चलते चलो!... पुराने पियक्कड़ को चढ़ गई है। अपनी नाक का सिरा भी नहीं देख सकता। टिनटिन, तुम उसे रास्ता दिखाओगे। तो अब, अपने रास्ते चलो।
सौ सुनार की तो एक लोहार की। इसे याद रखना, चेचक के दाग़।




हम चढ़ाई पर हैं। एक पंक्ति में चलो। भूलना नहीं, टिनटिन, तुम इस दढ़ियल की कमान संभाले हुए हो!



बाएँ, कप्तान...
दाएँ... थोड़ा सा और दाईं ओर ...हो गया...
अब बाईं ओर चलते रहना...
एकदम सीधा...




संभल कर! बाईं तरफ़ अब...
कचकमबल



बाएँ, कप्तान, बाएँ...
बाएँ!!
बाएँ!!




सीधा नहीं बाएँ, कप्त...
धड़ाम



तड़तड़ाते तूफ़ानों में झनझनाते झींगे!... ज़रा रुको, ऐलन! जब तुम मेरे हत्थे चढ़ोगे तब मैं तुम्हारी टोपी तुम्हारे गले में ठूँस दूँगा, उसके बिल्ले के साथ!
हा! हा! हा!



चलो, चलो। चलते रहो। अब ज़्यादा दूर नहीं है।



क्या आप मेरे ग़रीबखाने में तशरीफ़ लाएँगे, सज्जनों?




यही तुम्हारा घर है, एक पुराना जापानी बंकर। और यहीं तुम रहोगे जब तक कैरीदास बोलता नहीं। तो यहीं आराम फरमाओ।
उसके बाद हमारा क्या होगा?



बॉस के आदेश थे कि मैं तुम्हें कुछ न बताऊँ। मगर मैं तुम जैसे पुराने जहाज़ी साथी से कोई भी राज़ छुपाना नहीं चाहता... तुम वापिस हवाई जहाज़ में पहुँचा दिए जाओगे, जो समुद्र में धकेल दिया जाएगा, डूबने के लिए। तुम्हें उसके अंदर बंद करके... ज़ाहिर है!... हा! हा! हा!




चटाँग
सरीसृप!


लंगूर... बंदर के उस्तरे!...
हा!हा!हा!


डाकू!... देशी उलूक!... अजदहे के अंडे!... कूपमण्डूक! फसली बटेर!
अपने को संभालो, कप्तान... इधर मुँह करो... ज़रा मुझे इस टोपी को निकालने की कोशिश करने दो!


'ईंचो' ओर से, 'इर से!... 'ईंचो!
क्या मैं तु
कर सकत


उर्रे


करोड़ों करोड़ कसमसाते काले कछुए, मैं...ओह, माफ़ करना!...


हा! हा! हा! हा! ये
रही है! तुम अच्छे लग
ये बहुत
..हाँ, बहु
मैंने कह


श्श्श!... चुप हो जाओ!...
क्यों? क्या बात है?
तुम्हें लगता है ये मज़ाक है?


नहीं, कुछ नहीं... एक मिनट के लिए मुझे लगा कि मैंने नटखट को भौंकते सुना।
ओह, हाँ। बेचारा, नटखट!
बहुत शर्म की बात! मैं यही कहूँगा!


तुम चिंता मत
अगर हम ज़ि
तो हम इन
बदला लेंगे।


शुक्रिया, कप्तान। हम जो भी करें, उससे बेचारा नटखट दोबारा ज़िंदा नहीं हो जाएगा।
मैं... अर्र...तो... हाँ... हुम्म...वो...


ख़ैर, याद रखो कि हमारी खुद की मौत भी तभी तक टली हुई है, जब तक कि कैरीदास बोलता नहीं... लेकिन मैं सोचता हूँ, क्या वो बोलेगा?


ये बोलेगा, मिस्टर रास्तापोपोलोस, ये ज़रूर बोलेगा।
तुम्हारी भलाई इसी में है, डॉक्टर, कि ये सब बता दे!


अब ज़्यादा घबराना नहीं...
नहीं!
नहीं!
नहीं!


ईईई!
जल्दी करो, मुझे लोगों को तकलीफ़ में देखना अच्छा नहीं लगता...


मेरा काम ख़तम हो गया। आप इनसे सवाल पूछ सकते हैं अब।


कायरों !...ज़ालिमों!... जंगलियों!


हत्यारों!...हत्याऽ... आह... आहऽऽ...



अब, मेरे प्यारे लालचो कैरीदास, क्या तुम अपनी बंद जुबान खोलने को तैयार हो, हैं?
ओह, हाँ, हाँ... एकदम।


तो ज़रा ध्यान से सुनो। मैंने तुम्हें बता दिया है कि मैं तुम्हारे स्विस बैंक का नाम जानता हूँ, जहाँ तुमने एक करोड़ डॉलर से भी ज़्यादा जमा कर रखा है। तुम्हारे विश्वासपात्र सचिव स्पैल्डिंग की मदद से, मैं वो नाम भी जानता हूँ जिसे तुम इस बैंक में इस्तेमाल करते हो। स्पैल्डिंग की ही वजह से मेरे पास तुम्हारे नकली हस्ताक्षरों के बढ़िया नमूने भी हैं। लेकिन उसे भी एक चीज़ का नहीं पता। तुम हमेशा अपने खाते का नंबर छुपाने में क़ामयाब रहे। और वही नंबर अब तुम मुझे बताओगे, क्यों है न?
ओह, हाँ!... हाँ!...


हाँ, मेरे दिमाग़ पर ये बोझ बहुत पहले से है। मैं तुम्हें सब बता–आ–आऽऽ–


च्छूऽऽऽ


शुक्रिया!... मुझे प्रायश्चित करना चाहिए... बारह, नौ, उन्नीस, दस। हाँ, यही है।
12-9-19-10? यही तुम्हारे खाते का नंबर है। पक्की बात है?


खाते का नंबर?... नहीं, नहीं, नहीं, परचून वाले के यहाँ, उसकी दुकान के बाहर, सब्ज़ियों और फलों के बीच, बारह सितंबर 1910 को मैंने अपने जीवन की पहली चोरी की। एक सेब! मैं तब चार साल का था। लेकिन सब कुछइतना साफ़ है जैसे कि कल की ही बात हो।


तुम्हारा भला हो!
हे! हे!


ये क्या बकवास कर रहे हो?
बकवास नहीं, सच, मेरे प्यारे महोदय...


यही कड़वा सच है... और ये तो सिर्फ़ एक शुरुआत थी। ये एक शर्मनाक कहानी है, लेकिन मुझे ये सुनानी ही पड़ेगी।


छह महीने बाद, मैंने अपनी माँ की एक अंगूठी चुराई। और मैंने उसका इलज़ाम नौकरानी एलीना पर लगवा दिया।
ये क्या है, डॉ क्रौलस्पैल?
मुझे समझ नहीं आ रहा... ऐसा पहले तो कभी नहीं हुआ।


मैं तो इतना बुरा हूँ कि मैं अपने हवाई जहाज़ के खेल में भी धोखा करता हूँ। ज़रा सोचो, मैंने छुपे हुए कैमरे लगा रखे हैं, अपने प्रतिद्वन्द्वी का खेल देखने के लिए... शर्मनाक, है न, वो भी मेरी उम्र में?
मुझे परवाह नहीं! मुझे परवाह नहीं! मुझे परवाह नहीं!


लेकिन तुम्हें परवाह होनी चाहिए। मेरे जैसे बेईमान आदमी की ज़िंदगी से सबक... सबक... सब...खर्र... खर्रर...खर्ररर


ये सो गया!...तुम्हारी दवाई तो बहुत बढ़िया निकली, डॉक्टर क्रौलस्पैल! बहुत ही बढ़िया!


इसी बीच...
अगर हम इस मुसीबत से ज़िंदा बाहर निकल पाए तो मैं वायदा करता हूँ कि मैं कभी व्हिसकी को हाथ भी नहीं लगाऊँगा...


...एक सौ... नहीं, पचास...ख़ैर, तीन दिन के लिए... ये पक्का वायदा है!


श्श्श!... चुप हो जाओ!...सुनो!
मगर मैंने तो कुछ कहा ही नहीं!


2.17.6...

2.17.6? बहुत बढ़िया मेरे प्यारे कैरीदास। मैं बस यही जानना चाहता था।

हाँ, 2.17.6। यही था। इतनी ही रकम। जो मैंने एक सुबह, अपनी बड़ी बहन के बटुवे में से निकाली थी।
?
तुम मेरे साथ मज़ाक करने की जुर्रत कर रहे हो?


मेरा विश्वास करो, ये मज़ाक की बात नहीं है। मैं बुरा हूँ, बहुत ही बुरा हूँ, रीढ़ की हड्डी तक।
तुम्हारे खाते का नंबर! मुझे बताओ! मैं तुम्हें हुक्म देता हूँ, मुझे बताओ!


बेचारी, एलीना! कैसे उसने अपने बेगुनाह होने की दुहाई दी। लेकिन उन्होंने उसे बाहर सड़क पर फेंक दिया... और मैं तो हँस–हँस के जैसे मर ही गया! उतनी सी उमर में भी मैं शैतान का अवतार हुआ करता था!
लगता है दवाई की मात्रा कम रह गई। मैं इसे दोबारा इंजेक्शन देता हूँ।
ठीक है।


मैं सिर्फ़ एक बच्चा ही था। लेकिन तब भी मैं अपने पड़ोसियों को नीचा दिखाने से बाज़ नहीं आया। अद्भुत है न, क्यों?
हो गया!


अब कौन अपने पुराने दोस्त रास्तापोपोलोस को अपने खाते का नंबर देगा?
मैं!... मैं!... मैं दूँगा!



ये नटखट है!... मुझे पूरा यक़ीन है ये नटखट ही है!... सुनो!
न्न! नन्न!


ये नटखट है! ये ज़िंदा है!... नटखट!
चुप हो जाओ।
न्न! नन्न!


चुप हो जाओ, तूफ़ान की क़सम!... तुम पहरेदारों को अंदर बुला लोगे!
न्न! नन्न!


तुमने कुत्ते की आवाज़ सुनी?... मुझे लगता...
मुझे भी लगता।


शांत हो जाओ, नटखट, शांत हो जाओ।
न्न! नन्न!


श्श्श्श्श्श्श्श्श...
न्न! नन्न!


ओ गुरू, क्या माज़रा है? इसके हाथ बँधे हैं।
चलो, नटखट, अपना काम करो!


कच्च
कच्च
कच्च


उसने कर दिखाया! मेरे हाथ खुल गए। शुक्रिया नटखट!


बहुत बढ़िया! नटखट के लिए तीन बार...
हिप हिप
!
नहीं!


हुऽऽऽऽ
रें!?
क्या बात है?


तड़तड़ाते तूफ़ान, ये मैंने क्या किया...
कोई आ रहा है...


कौन आदमी चिल्लाया?
आशा करें नटखट समझ गया है कि उसे क्या करना चाहिए...
कोई कुछ भी कहे, मुझे परवाह नहीं, ये बहुत हीं भद्दा मज़ाक था!


कौन सा आदमी चिल्लाया?... तुम बताओ!
वो पीछे है...वो समझ गया।


आऽऽऽ
?


आऽऽऽऊ
यही मौक़ा है! एक, दो, तीन!


ठाक
ठाक!... बढ़िया किया!
अच्छा बायाँ मुक्का!


ठाक
दूसरे की ठोड़ी पर दाएँ हाथ का मुक्का!
फिर से! शाबाश!


पहले, हमें बेचारे सूर्यमुखी के मुँह पर से टोपी उतार देनी चाहिए।
अच्छा काम दिखाया, क्यों, लड़कों?


ना प्रोफ़ेसर, ये एको मज़ाक नहीं था।
मैं मना नहीं कर रहा। ये बहुत घटिया मज़ाक था, बस यही।
अब हमें बेचारे मि. कैरीदास को बचाना चाहिए।
बेचारा?... और वो?... उस धोखेबाज़ के लिए अपनी जान जोखिम में डालें?


वैसे भी हम उसे ढूँढेंगे भी कैसे, उस बूढ़े अड़ियल अरबपति को।
उसकी टोपी का इस्तेमाल करके।
उसकी टोपी।


हाँ, कहाँ है वो?... ओह, ज़मीन पर पड़ी है।



इसकी गंध सूँघो, नटखट।
सूँ सूँ... इससे तो मुझे किसी की याद आ रही है...


उसे ढूँढो, नटखट!
उसे तलाशो।


मैं... अर्र... इस बार ये काम करेगी, मि. रास्तापोपोलोस। मैंने खुराक दो गुनी कर दी है...मैं...मैं कामयाब होऊँगा।...
मेरी तुम्हें ये सख़्त सलाह है, डॉक्टर!
खर्र्र्र
खर्र्र्र
खर्र्र्र


तुमने ये टोपी पहन रखी थी, कप्तान। इसलिए नटखट से ग़लती हो गई।


ख़ैर, नटखट की वजह से कम से कम हम छूट तो गए, और अब कैरीदास को ढूँढ सकते हैं।
मैं जानता हूँ, लेकिन उसे छुड़ाना इतना आसान नहीं होगा।



मेरा एक सुझाव है, कप्तान और मैं कैरीदास की खोज में जाते हैं। तुम, स्कुट, प्रोफ़ेसर जिनो और क़ैदियों को लेकर बंकर के आस–पास ही कहीं छुपे रहो। किसी की नज़र में न आना, और हमारे वापिस आने का इंतज़ार करना। ठीक है?


ये अच्छा योजना, टिनटिन। मैं तुम्हारे और कप्तान के साथ जाना चाहता। लेकिन मैं दूसरे दोस्तों और कैदियों के साथ रुकता।
शुक्रिया, स्कुट, अब चलो, चलें।


तैयार, प्रोफेसर?
अद्भुत! मैंने ऐसा पहले कभी नहीं देखा।



तुम्हें जल्दी करनी चाहिए, समय बिल्कुल नहीं है...
तो तुमने भी इसे देखा? मैंने अपना पेंडुलम इतनी तेज़ी से चकराता कभी नहीं देखा... कभी भी नहीं।


ये तो क़माल है...देखो! एकदम क़माल की बात... क्यों क्या तुम ऐसा नहीं मानते?


कुछ मिनट बाद...
ये तुम्हारे छुपने की सही जगह है। ध्यान रखना कि कोई आवाज़ न हो। क़ैदियों पर कड़ी नज़र रखना। अगर सब ठीक रहा तो हम सीधा यहीं वापिस आएँगे।


विदा, टिनटिन। विदा और क़िस्मत तुम्हारा साथ दे!
तुम्हारा भी, स्कुट। विदा।


करोड़ों करोड़ कसमसाते काले कछुए!
त-तुम कहाँ हो?
यहाँ!


तुम वहाँ अंदर कैसे चले गए?
मुझे नहीं पता। मैंने कुछ जड़ों पर क़दम रखा और टपप! मैं उनके अंदर गिरता चला गया।


मैं किसी चिकने सपाट पत्थर पर गिरा... जैसे कोई फ़र्श हो। चलो खोजबीन करें। इस जगह में कुछ तो अजीब है... अजीब सा वातावरण है।


मैं भी इसे महसूस कर सकता हूँ... लेकिन हमें चलते रहना चाहिए। हम बाद में इसे देखेंगे, अगर समय मिला।


इतना तेज़ नहीं, नटखट।


ओह! आओ और देखो... चुपचाप...
?




रास्तापोपोलोस मज़ाक नहीं कर रहा था। सुरक्षा जाल हटा दिया गया है और हवाई-पट्टी लगभग ग़ायब हो चुकी है। मुझे कहना पड़ेगा कि ये योजना एक-एक बात को मद्देनज़र रखते हुए बनाई गई है।


मुझे हवाई-जहाज़ नहीं दिखाई दिया, कहीं छुपा दिया होगा।
यही किया होगा।


हम ज़रूर पास पहुँचने वाले हैं। नटखट को देखो। उसे कोई गंध मिल गई है।



मर गए! एक और बंकर, दो पहरेदारों के साथ। यहीं उन्होंने कैरीदास को छुपाया हुआ होगा।



ल-ल-लीजिए!... वो... वो...वो उ-उ उठ रहा है... वो...वो...वो...वो...वो सब ब-ब-बता द-द-देगा।



पहरेदार अपने में ही मशगूल हैं। हमारे लिए अच्छा है।


किता दि रुमाह बिसासा तम्बाह सेदिकित संबन उलेक।
इतु बुकान जेलेक, जुन्तु लेबिह इनाक तेतापि...


श्श्श–S–S–S!... वरना धाँय–धाँय... समझे?



समझे? चुप रहना, वरना...


इनके हथियार ले लो, पहले, कप्तान... बढ़िया... अब, इन्हें बाँध दो, जितनी जल्दी हो सके। इनका मुँह भी बंद कर दो। तुम इन्हीं की कमीज़ें काम में ले सकते हो।


माफ़ करना, देशी–उलूक, लेकिन तुम्हें पता ही होगा कि एक नाविक को गांठे बाँधने का कितना शौक होता है।


अब, तुम फफूँद लगे वानर, ये कैसी रही, हैं?


क्या तुमने सोच लिया? क्या तुम मेरी बात मानोगे या मैं इससे कड़े तरीक़े काम में लाऊँ? क्या तुम बताओगे, रेंगते कीड़े?



रेंगता कीड़ा... यही हूँ मैं। मैं ऐसा दिखता नहीं, पर अंदर से मैं ऐसा ही हूँ। ज़रा सोचो बचपन में कितनी नेक सलाहें मिलीं मुझे। मेरे दादा को ही ले लो! ज़रा सोचो मेरे बेचारे दादा... दादा नहीं नाना...



एक मामूली से हलवाई, जो तुर्की मिठाइयाँ बनाते थे अरज़ेरम में। बहुत सादे और सच्चे आदमी। "लालचो" वो कहा करते थे, "लालचो याद रखो, पाप की कमाई से किसी का भला नहीं होता..."


ये सब तुम्हारा कसूर है, चाँडाल! तुम्हें इसकी क़ीमत चुकानी पड़ेगी!


आऽऽऽऊ


नीम–हकीम!... तुमने अपनी सुई मुझे चुभो दी, तुम्हारा सत्यानाश हो!
म...मु...मुझे... म...म...माफ़ कर दीजिए...

ये... सुई...ये...ये ख़ाली थी? डॉक्टर! सुई में दवाई तो नहीं थी?... मुझे बताओ!
मैं...उह... ह–ह–हाँ...

ये... ख़ाली ही थी... उह... लग–लगभग... आप...आप बुरा तो महसूस नहीं कर रहे?...
मैं? बुरा?... बुरा? मैं... बुरा?

मैं ? बुरा? एकदम बुरा हूँ मैं। मैं शैतान का अवतार हूँ... यही मेरी असलियत है। है कोई जो इस बात से इंकार कर सके?
क्या बोले तुम? शैतान का असली अवतार मैं हूँ, मैं... और मैं तुमसे ज़्यादा अमीर भी हूँ!

तो क्या हुआ? ज़रा ये सुनो! मैंने अपने तीन भाइयों और दो बहनों को बरबाद कर दिया और अपने माता–पिता को गटर में धकेल दिया। इसके बारे में तुम्हारा क्या कहना है, हैं?
ये तो बच्चों का खेल है, मूंगफली बराबर! मेरी पड़मौसी को मुझ पर इतनी शर्म आई कि वो वहीं गिरकर मर गई! इसे पछाड़ो!

बकवास ! तुम मेरे जितने बुरे नहीं हो। सोचो मैंने तुम्हारे अपहरण की कैसी योजना बनाई... ऐसी योजना एक निहायत चालाक, और एक ऐसा आदमी ही बना सकता है जिसे शर्म छूती भी न हो... एक राक्षस!

तुम, डॉक्टर। मैंने तुम्हें चालीस हज़ार डॉलर देने का वायदा किया था, कैरीदास से उसके खाते का नंबर उगलवाने के लिए। और इस पूरे समय मेरी योजना थी कि काम पूरा होते ही मैं तुम्हें मरवा डालता... शैतानी दिमाग, है कि नहीं?... क्या तुम नहीं मानते?

और वो सोंडोनेशियन क्रांतिकारी... बेचारे भ्रमित बेवकूफ़! मैंने उन्हें लालच दिया, कहा कि तुम मेरा काम करो, बदले में मैं तुम्हारी आज़ादी की लड़ाई में तुम्हारी मदद करूँगा! हा! हा! हा! काश उन्हें पता होता कि उनके भविष्य में क्या लिखा है!

उनकी झोपड़ियों में बम लग चुके हैं। अपने प्यारे देश के दर्शन करने से पहले ही उनके चिथड़े आकाश के दर्शन करेंगे।
ये तो पूरा राक्षस है!

यही अंजाम बाकी सबका भी होगा... स्पैल्डिंग और चालक–दल। वो समझते हैं कि वो अमीर बन जाएँगे, उस पैसे से जो मैंने उन्हें देने का वायदा किया है। मगर उन्हें भी रास्ते से हटा दिया जाएगा जब मैं अपना रास्ता लूँगा। हा! हा! हा! खुद शैतान भी इससे ज़्यादा बुरा नहीं हो सकता!
दूर हटो ! तुम्हारे तो अभी दूध के दांत भी नहीं टूटे!


अब तो इस बात का फ़ैसला हो ही जाए। हाँ या नहीं! क्या तुम मानते हो या नहीं मानते कि मैं तुमसे ज़्यादा बुरा हूँ?
नहीं!... कभी नहीं, तुमने सुना?... ये मानने की बजाए मैं मर जाना पसंद करूँगा!

ठीक है, अगर तुम ऐसा ही चाहते हो तो, मरो!
जल्दी! हमारे हस्तक्षेप करने का समय आ गया!


ओ हो! हम वो दरवाज़ा कैसे खोलेंगे?


पहरेदारों!... बचाओ!
तड़ाक
!


जल्दी, बॉस को...
?
?


अर्र... उह... ह–ह–ह–हाथ ऊपर!
ओऽऽऽह! मेरा सिर!



उसे बाँध दो, कप्तान। मैं रास्तापोपोलोस से निपटता हूँ।


अपने हाथ उठा लो, डकैत!
टिनटिन, कैसा सौभाग्य ! मैं तुम्हें ही देखना चाहता था।
हाथ उठा लो? क्या तुम्हें दिखता नहीं कि मेरे हाथ बंधे हुए हैं? अंधे हो?


